Azadi Ka Amrit Mahotsav

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में CCPA द्वारा आगामी जनगणना में जातिगत जनगणना को शामिल करने के फैसले को सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय बताया

मोदी सरकार के इस निर्णय से आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े सभी वर्गों का सशक्तीकरण होगा, समावेशन को बढ़ावा मिलेगा

यह निर्णय सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता का संदेश देता है

मुख्य विपक्षी पार्टी और उसके सहयोगी दलों ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना का विरोध किया और विपक्ष में रहते हुए इस पर राजनीति की

प्रविष्टि तिथि: 30 APR 2025 6:57PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCPA) द्वारा आगामी जनगणना में जातिगत जनगणना को शामिल करने के फैसले को सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने 'X' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज हुई CCPA की बैठक में, आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का निर्णय लेकर सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी और उसके सहयोगी दलों ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना का विरोध किया और विपक्ष में रहते हुए इस पर राजनीति की। इस निर्णय से आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े सभी वर्गों का सशक्तीकरण होगा, समावेशन को बढ़ावा मिलेगा और यह वंचितों की प्रगति के नए मार्ग प्रशस्त करेगा।

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित मोदी सरकार ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के नेतृत्व में आज हुई CCPA की बैठक में, आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का निर्णय लेकर सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता का Show more

5:53 PM · Apr 30, 2025

11.4K Reply Copy link

Read 2.1K replies

*****

आरके/वीवी/आरआर

(रिलीज़ आईडी: 2125577) आगंतुक पटल : 119
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu